**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान**
विषविज्ञान भवन**, 31** महात्मा गांधी मार्ग**,**
लखनऊ-**226001**

**विज्ञापन संख्या IITR/3/2025 दिनांक 01.08.2025**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि:** | **01.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से** |
| **आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि:** | **31.08.2025 रात्रि 11:59 बजे तक** |
| **पोर्टल पर पूर्ण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** | **05.09.2025 रात्रि 11:59 बजे तक** |

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन करियर के लिए एक अनूठा अवसर**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक प्रयोगशाला, सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-आईआईटीआर), लखनऊ की स्थापना 4 नवंबर, 1965 को हुई थी। यह देश का एकमात्र विषविज्ञान संस्थान है जो विषविज्ञान में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार में योगदान दे रहा है तथा इसका आदर्श वाक्य है: "पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा उद्योग की सेवा"। सीएसआईआर-आईआईटीआर "संस्थान सर्वप्रथम" की नीति पर काम करता है और अपनी टीम के सदस्यों को ट्रांसलेशनल वैल्यू, सामाजिक प्रभाव और संस्थागत छवि निर्माण वाली मेगा अंतः और अंतर-संस्थागत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

CSIR-IITR का अनुसंधान एवं विकास (R&D) के तीन प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत आधार है: **FEST** (खाद्य, औषधि एवं रसायन, पर्यावरण एवं प्रणाली विषविज्ञान), **ASSIST** (विश्लेषणात्मक विज्ञान एवं सेवाएं, तकनीकी समाधानों के माध्यम से औद्योगिक सहयोग), तथा **REACT** (नियामक एवं संगणकीय विषविज्ञान, महामारी विज्ञान एवं जैव-सांख्यिकी)। **FEST** में सभी बुनियादी अनुसंधान प्रयोगशालाएं शामिल हैं, जबकि **ASSIST** में वे प्रयोगशालाएं शामिल हैं जो उद्योग को सहयोग प्रदान करती हैं, जिनमें ट्रांसलेशन सेंटर और नॉलेज मार्केटिंग सर्विसेस भी सम्मिलित हैं। **GLP और NABL** परीक्षण सेवाओं से जुड़ी प्रयोगशालाएं **REACT** के अंतर्गत आती हैं।

CSIR-IITR के पास विषविज्ञान के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा एवं मानव संसाधन उपलब्ध हैं और यह पर्यावरण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु वन स्टॉप सॉल्यूशन (One Stop Solution) प्रदान करता है। लगभग छह दशकों से विषविज्ञान के क्षेत्र में इसके योगदान ने वैश्विक स्तर पर CSIR-IITR को विषविज्ञान के विभिन्न पहलुओं में एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाया है। CSIR-IITR नीति निर्माण हेतु अनुसंधान में अग्रणी रहा है और इसने अनेक नीति दस्तावेजों, दिशानिर्देशों एवं BIS/ISO मानकों में योगदान दिया है। संस्थान द्वारा BIRAC-BioNEST और DSIR-CRTDH द्वारा समर्थित "प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार केंद्र" के माध्यम से एक स्वस्थ नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र (Innovation Ecosystem) भी प्रदान किया गया है। संस्थान के वैज्ञानिक उद्योग जगत के साथ निरंतर संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान नवीन तकनीकी उपायों के माध्यम से करते हैं। संस्थान के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें: www.iitr.res.in

| पदनाम | पदों की संख्या एवं आरक्षण | वेतन स्तर (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | *कुल वेतन (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | **अधिकतम आयु सीमा *(ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार)* |
|---|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक | कुल 16 पद (जिसमें 02 बैकलॉग पद शामिल हैं)<br>UR-07<br>OBC-04<br>SC-03 (जिसमें 1 बैकलॉग)<br>EWS-01<br>PwBD – 01 (बैकलॉग) | वेतन मैट्रिक्स स्तर-11 | Rs.1,15,548/- | 32 वर्ष |
| वरिष्ठ वैज्ञानिक | 01<br>UR-01 | वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 | Rs. 1,32,864/- | 37 वर्ष |
| प्रधान वैज्ञानिक | 01<br>UR-01 | वेतन मैट्रिक्स स्तर-13 | Rs. 2,01,972/- | 45 वर्ष |

*कुल वेतन में मूल वेतन, महंगाई भत्ता (DA), मकान किराया भत्ता (HRA), यातायात भत्ता (TA) आदि शामिल हैं (क्लास 'X' शहर के अनुसार) ।

**आयु में छूट के लिए कृपया "आयु सीमा और छूट" कॉलम देखें।

**प्रयुक्त संक्षेपाक्षर:** UR – अनारक्षित, SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति, OBC (NCL) - अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर), EWS - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, PwBD (HH) - बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति (श्रवण विकलांग)।

**विज्ञापित पदों का विवरण:**

| पद,<br>एरिया<br>पद कोड एवं श्रेणी# | आवश्यक शैक्षिक योग्यता | शैक्षिक योग्यता और/या वांछनीय अनुभव | कार्य दायित्व / विशिष्टताएँ |
|---|---|---|---|
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Analytical Chemistry<br>**पद कोड:** पीसी-01 (PC-01)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनुसूचित जाति - 01 पद (SC-01) | ME/MTech in the area of Chemical Engineering/ Chemical Technology/ Environmental Engineering/Environmental Sciences or equivalent.<br><br>OR<br><br>PhD submitted in the area of Chemistry/ Environmental Engineering/Environmental Sciences/Chemical Sciences / Chemical Technology or equivalent. | Research Experience in water and soil quality monitoring including groundwater and surface water quality for water resources management as well as water and soil treatment/ remediation techniques as evident by research publications in SCI journals. Candidates should be aware of designing water and soil quality monitoring programs, quality assurance and quality control in measuring water and soil quality. | To be part of the group of scientists working on water/soil quality monitoring and remediation technologies. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Analytical Chemistry<br>**पद कोड:** पीसी-02 (PC-02)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | ME/M.Tech in the area of Analytical Chemistry or equivalent.<br><br>OR<br>PhD submitted in the area of Chemistry/Analytical Chemistry or equivalent. | Research experience in the field of Analytical Chemistry in the development and validation of novel analytical methods using the instruments like GC-MS/MS, LC-MS/MS, ICP-MS, UPLC coupled with sample preparation methods in complex matrices as evident by publications in SCI journals. The candidate familiar with NABL/ISO-17025 requirements. | To be a part of the dynamic team engaged in the development of novel analytical methods for environmental and biological samples as well as for new chemical entities. To assist biologists in characterizing the bio-transformed products using mass spectrometry, to analyse test samples as per NABL and GLP guidelines. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**Area: Ecotoxicology**<br><br>**पद कोड:** पीसी-03 (PC-03)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) – 01 पद (OBC-01) | PhD submitted in the area of Biological Sciences/ Biochemistry/ Fisheries/ Marine Biology or equivalent with specialization in ecological modelling/ ecotoxicity. | Research experience in GLP certified test facilities to conduct and report environmental toxicity studies in aquatic and terrestrial model systems as a part of regulatory requirements from industries.<br><br>The Candidate have R&D knowledge on the impact of xenobiotics on aquatic and terrestrial model systems including algae, daphnia, zebrafish, earthworm and maintenance and conducting toxicity bioassays as per USEPA and OECD guidelines. The candidate should have the ability to work independently and as a team member in projects of national importance. Research experience in the above-mentioned areas should be evident from relevant publications in the SCI journals. | The candidate is required to conduct R&D work towards safety assessment of new chemical entities on aquatic and terrestrial model systems. The Candidate is required to carry out toxicity bioassays in aquatic and terrestrial model systems (algae, daphnia, zebrafish, earthworm, honey bee and Japanese quail) as per US EPA and OECD guidelines under GLP compliant conditions as a part of industry-research institute interface. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Environmental Engineering<br>**पद कोड:** पीसी-04 (PC-04)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | ME/M.Tech in the area of Environmental Engineering/ Environmental Sciences or equivalent.<br>OR<br>PhD submitted in the area of Environmental Engineering/ Environmental Sciences /Biological Sciences or equivalent with specialization in Environmental Impact Assessment/ Ecological monitoring | Experience in environmental and stack monitoring and EIA studies. | To be part of the dynamic team to carry out studies on environmental impact assessment related programmes. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Ecological Science<br>**पद कोड:** पीसी-05 (PC-05)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) – 01 पद (OBC-01) | | Experience in EIA of terrestrial and aquatic ecology as evident by publications in SCI journals or part of EIA reports submitted at MoEF & CC. The candidates should preferably be accredited by QCI-NABET. | To be part of dynamic team to carry out studies in environmental monitoring and environmental impact assessment studies and related activities. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Epidemiology & Risk Assessment<br>**पद कोड:** पीसी-06 (PC-06)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | PhD submitted in the area of epidemiology/ Public Health | Experience in developing science-based communication materials for public awareness.<br>and<br>Experience in data analysis and interpretation related to risk communication. | To be part of a dynamic team to carry out epidemiological studies, communication of risks through public awareness campaigns and drafting evidence-based policy papers in relation to public health/ environmental risks. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Electronics / Instrumentation / Biomedical Instrumentation<br>**पद कोड:** पीसी-07 (PC-07)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | ME/M.Tech in the area of Instrumentation/ Electronics Engg. /Biomedical Instrumentation/Material Sciences or equivalent.<br>OR<br>PhD submitted in the area of Instrumentation/ Electronics Engineering/ Biomedical Instrumentation/Engineering Sciences/ Material Sciences or equivalent with specialization in instrumentation/ sensor development | Research experience in the field of calibration, upkeep, repair and maintenance of advanced, top-of-the-line scientific instruments | The selected candidate will be a part of a S&T services group and would be expected to look after the calibration, upkeep, repair and maintenance of advanced scientific instruments like GC-MS/MS, ICP-MS, UPLC, HRMS, TEM, SEM, AFS, AAS etc. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Device Development incl. Sensors | | Research experience in the field of Sensors/ Biomaterial devices/ Diagnostics. | To be a part of the dynamic team towards development of sensors in the areas of biological materials, food and food |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पद कोड:** पीसी-08 (PC-08)<br>**आरक्षण की स्थिति:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग – 01 पद (EWS-01) | | | products, environmental contaminants and other relevant areas. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Microbiology<br>**पद कोड:** पीसी-09 (PC-09)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) – 01 पद (OBC-01) | ME/ M. Tech in the area of Microbiology/ Biotechnology or equivalent<br><br>OR<br><br>PhD submitted in the area of Microbiology/ Biotechnology/ Biological Sciences or equivalent. | Research Experience of field sampling, culturing of bacteria as evident by research publications on SCI journals. | To work in a group of scientists working on bioremediation of environmental chemicals and water quality assurance. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Food, Drug & Chemical Toxicology<br>**पद कोड:** पीसी-10 (PC-10)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | PhD submitted in the area of Life Science/ Chemical Sciences or equivalent | Experience as a qualified food analyst as notified by FSSAI. Experience in regulatory analysis of food, environment and other samples. Knowledge of ISO-17025/17034 and 17043. | To be a part of the dynamic team that works as part of the FSSAI notified food referral laboratory and reference laboratory. The person shall be responsible for handling, analyzing, reporting and interpretation of results of regulatory samples. Shall also be part of the team that develops certified reference materials and the teams that works on providing proficiency tests. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Molecular Neuro-toxicology<br>**पद कोड:** पीसी-11 (PC-11)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनुसूचित जाति – 01 पद (SC-01) | MTech in the area of Neuro Sciences or equivalent<br><br>OR<br><br>PhD submitted in the area of Neuro Sciences with specialization in neurotoxicology/ epigenetics and/ or development of cell/organoid based models or equivalent | Research experience in *vitro* neurotoxicology including cultivation, handling, and experimentation using immortalized cells and primary cultures of human and animal origin, stem cells, induced pluripotent stem cells, 3D spheroid/ organoid cultures, etc. Handling experience and data interpretation of transfection, overexpression/ knockdown/ | The candidate will be a part of a research group working extensively on *in vitro* neurotoxicology using 2D and 3D cultures stem cells and iPSCs for their application to understanding the mechanistic insights of xenobiotics-mediated toxicity. The candidate will contribute to developing stem cell-derived 3D |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | knockout technologies, genome and proteome analysis, cellular kinetics, etc. | organoid model systems/ 3D bioprinted miniaturized organs on chip for their toxicology and high-throughput screening applications. To conduct contemporary molecular toxicology to address the unmet needs of society. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Molecular Neuro-toxicology<br>**पद कोड:** पीसी-12 (PC-12)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) – 01 पद (OBC-01) | MTech in the area of Neuro Sciences or equivalent<br><br>OR<br><br>PhD submitted in the area of Neuro Sciences with specialization in neurotoxicology/ epigenetics and/ or development of cell/organoid based models or equivalent. | Research experience in in-vivo neurotoxicology including handling, data interpretation, and practical knowledge of proteomic and genomic data for experimental studies using in vivo experimental models of neurotoxicity. The candidate has experience handling and analyzing genomic and proteomic data sets to generate scientifically sound conclusions. | The candidate will be a part of a research group working extensively on genomic and proteomic data interpretations for neurotoxicity/ developmental neurotoxicity toxicity studies using both in vitro and in vivo experimental models. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** HR, Communication / Media & Public Outreach<br>**पद कोड:** पीसी-13 (PC-13)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | PhD submitted in the area of Chemical Sciences/Life Sciences or equivalent with specialization in Science/Mass Communication | Research Experience in science writing, science communication, including planning, monitoring and evaluation of in-house and externally funded projects. Liaising with industries, interacting with print and electronic media. Excellent drafting skills in Hindi and English. | The candidate would be part of the Institute's S&T Management team and would have excellent outreach and scientific communication skills, handle project monitoring and management activities. The candidate would liaison with local press, media and facilitate publicity of R&D activities through social medial platforms. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Molecular Toxicology<br>**पद कोड:** पीसी-14 (PC-14) | PhD submitted in the area of Life Sciences/ Molecular Biology/Agricultural or Animal Sciences including Fisheries or equivalent | The candidate has proven hands-on experience of handling, data interpretation and practical knowledge of proteomic and genomic data for the experimental studies. | The candidate will be part of research group working extensively on genomic and proteomic data interpretations for toxicity studies using both in vitro |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | | The Candidate have experience of handling and analysis of genomic and proteomic data sets to generate scientifically sound conclusions as evident by research publications in the relevant research area. | and in vivo experimental models.<br><br>The candidate will design the experiments, execute them and interpret the genomic and proteomic scientific data to reach the conclusion. |

**बैकलॉग पद**

| पद,<br>एरिया<br>पद कोड एवं श्रेणी# | आवश्यक शैक्षिक योग्यता | शैक्षिक योग्यता और/या वांछनीय अनुभव | कार्य दायित्व / विशिष्टताएँ |
|---|---|---|---|
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Development of New Safety Test Systems and Models<br>**पद कोड:** पीसी-15 (PC-15)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित (दिव्यांगजन) – 01 पद (UR–PwBD) | PhD submitted in the area of Biomedical Science /Biomedical Engineering Chemistry/ Bio Chemistry or equivalent with specialization in Methods and/or Device Development / development of alternate models to animal testing | Research experience in designing/developing rapid point-of-need kits/biosensors/immune sensor devices for detection / determination of various analytes. | The candidate should have a specialization in methods and/ or device development, particularly in the development of alternative models for animal testing. |
| **पद:** वैज्ञानिक (Scientist)<br>**एरिया:** Development of New Test Systems and/or Models to Assess Toxicity including Ecotoxicity<br>**पद कोड:** पीसी-16 (PC-16)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनुसूचित जाति – 01 पद (SC-01) | PhD submitted in the area of Biological Sciences/ Biochemistry/ Fisheries/ Marine Biology/ Life Sciences or equivalent with specialization in ecological modelling/ ecotoxicity testing. | Research experience in GLP certified test facilities to conduct and report environmental toxicity studies in aquatic and terrestrial model systems as a part of regulatory requirements from industries.<br><br>The Candidate have R&D knowledge on the impact of xenobiotics on aquatic and terrestrial model systems including algae, daphnia, zebrafish, earthworm and maintenance and conducting toxicity bioassays as per US EPA and OECD guidelines. The candidate has the ability to work independently and as a team member in projects of | The candidate is required to conduct R&D work towards safety assessment of new chemical entities on aquatic and terrestrial model systems. The Candidate is required to carry out toxicity bioassays in aquatic and terrestrial model systems (algae, daphnia, zebrafish, earthworm, honey bee and Japanese quail) as per US EPA and OECD guidelines under GLP compliant conditions as a part of industry-research institute |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | national importance. Research experience in the above-mentioned areas evident from relevant publications in the SCI Journals. | interface. |

#उपरोक्त 16 पदों में से एक (01) पद दिव्यांगजन (बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों) – श्रवण बाधित (बधिर और कम सुनने वाले) – के लिए आरक्षित है।

| **पद,<br>एरिया<br>पद कोड एवं श्रेणी#** | **आवश्यक शैक्षिक योग्यता** | **शैक्षिक योग्यता और/या वांछनीय अनुभव** | **कार्य दायित्व / विशिष्टताएँ** |
|---|---|---|---|
| **पद:** प्रधान वैज्ञानिक (Principal Scientist)<br>**एरिया:** Epidemiology<br>**पद कोड:** पीसी-17 (PC-17)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | MBBS + PhD in the area of (Sciences/Biochemistry/Biomedical Sciences/Microbiology) with specialization in epidemiology/occupational health assessment with 3 years' experience<br><br>OR<br><br>MD (Microbiology/ Biochemistry/ PSM/ Epidemiology) with 05 years' experience in epidemiological work or health risk assessment | Experience in Epidemiological/ Occupational Studies as evident by publications in SCI journals in the relevant area<br><br>And/or<br><br>Handling of large volume of data with knowledge in statistical tools<br><br>And/or<br><br>(MS/DNB or equivalent degree recognized by MCI in Public Health/Community Medicine/PSM/medicine with 05 years' experience in epidemiological studies or health risk assessment. | To lead the dynamic team engaged in the research and development programmes in the field of Epidemiology/ Occupational Toxicology. The Candidate should be capable of independently designing and executing experiments and analysis of results in the field of Epidemiology/ Occupational Toxicology/ Community Medicine. |
| **पद:** वरिष्ठ वैज्ञानिक (Senior Scientist)<br>**एरिया:** Epidemiology<br>**पद कोड:** पीसी-18 (PC-18)<br>**आरक्षण की स्थिति:** अनारक्षित – 01 पद (UR-01) | MBBS + PhD (Sciences/ Biochemistry/ Biomedical Sciences/ Microbiology) with specialization in epidemiology/ occupational health assessment<br><br>Or<br><br>MD (Microbiology/ Biochemistry/ PSM/ Epidemiology) with 03 years' experience in epidemiological work or health risk assessment | Experience in Epidemiological/ Occupational Studies as evident by publications in SCI journals in the relevant area<br><br>and/or<br><br>Handling of large volume of data with knowledge in statistical tools<br><br>and/or<br><br>(MS/DNB or equivalent degree recognized by MCI in | To be a part of the dynamic team engaged in the research and development programmes in the field of Epidemiology/ Occupational Medicine/ Community Medicine having relevance with different disciplines of toxicology.<br><br>The Candidate capable of independently designing and executing experiments and analysis of results in the field of |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Public Health/Community Medicine/PSM/medicine with 03 years' experience in epidemiological studies or health risk assessment. | Epidemiology/ Occupational Medicine/ Community Medicine. |

**सामान्य जानकारी एवं शर्तें**

**1. परिषद सेवा के अंतर्गत लाभ:**

(a) इन पदों के साथ सामान्य भत्ते देय होंगे, जैसे कि महंगाई भत्ता (DA), मकान किराया भत्ता (HRA), परिवहन भत्ता (TA) आदि, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों को स्वीकृत हैं और जिस स्थान पर नियुक्ति होगी वहाँ परिषद (CSIR) के कर्मचारियों पर लागू होते हैं। परिषद के कर्मचारी CSIR आवास आवंटन नियमों के अनुसार, उपलब्धता के आधार पर आवास पाने के पात्र भी हैं। यदि परिषद/सरकारी आवास का लाभ लिया जाता है तो HRA देय नहीं होगा।

(b) प्रत्येक पद के लिए निर्दिष्ट वेतन के अतिरिक्त, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत (Leave Travel Concession), बच्चों की शिक्षा भत्ता आदि सुविधाएं भी CSIR/भारत सरकार के लागू नियमों के अनुसार उपलब्ध होंगी।

(c) चयनित उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System) अथवा प्रचलित अंशदान आधारित पेंशन प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा, जैसा कि परिषद द्वारा अपनाया गया है।

(d) CSIR अपने वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन पदोन्नति योजना (Assessment Promotion Scheme) के अंतर्गत, समय-समय पर संशोधित नियमों के अनुसार, करियर संवर्धन हेतु उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

(e) योग्य उम्मीदवारों को चयन समिति की अनुशंसा पर और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन, अग्रिम वेतन वृद्धि (Advance Increments) दी जा सकती है, बशर्ते कि यह CSIR भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अंतर्गत अनुमत हो।

(f) परिषद के कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित सभी मामलों में, केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964, केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965, तथा भारत सरकार द्वारा बनाए गए मूल एवं अनुपूरक नियम तथा समय-समय पर जारी अन्य आदेश/निर्देश, CSIR कर्मचारियों पर लागू सीमा तक लागू होंगे।

(g) सभी पदों में All India Service Liability – AISL निहित है, अर्थात चयनित अभ्यर्थी को भारत में कहीं भी सेवा देने के लिए कहा जा सकता है।

**2. अन्य शर्तें:**

a. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

b. सभी आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक विज्ञापन में उल्लिखित पद की अनिवार्य आवश्यकताओं एवं अन्य शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य है। सभी आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता / अनुभव रखते हों। पात्रता से संबंधित किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

c. निर्धारित आवश्यक योग्यता/अनुभव न्यूनतम हैं और वे संबंधित पद कोड के अनुरूप क्षेत्र में होनी चाहिए। केवल आवश्यक योग्यता/अनुभव रखने मात्र से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का दावा नहीं बनता। विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपनी उपयुक्त मानदंड अपनाएगी। अतः

आवेदकों को अपने आवेदन में निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अतिरिक्त सभी प्रासंगिक जानकारी उपयुक्त दस्तावेज़ों के साथ प्रदान करनी चाहिए। Ph.D. (Submitted) श्रेणी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपनी थीसिस जमा किए जाने की तिथि के प्रमाणस्वरूप विश्वविद्यालय / संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। Ph.D. / मास्टर डिग्री की पूर्णता उसी तिथि से मानी जाएगी जिस दिन प्रोविजनल प्रमाणपत्र / परिणाम अधिसूचना / डिग्री प्रदान की गई हो। जहाँ लागू हो, वहाँ उम्मीदवारों को अपनी Ph.D. थीसिस / M.Tech. प्रोजेक्ट का एक पृष्ठ का सारांश / एब्स्ट्रैक्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा।

d. Product Development/Technology Innovation/Applied Technology आदि में अनुभव रखने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, और स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्रयोगशाला के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनुभव को वांछनीय मानते हुए वेटेज दिया जाएगा।

e. जो आवेदक वर्तमान में CSIR / सरकारी संगठनों / स्वायत्त निकायों / सांविधिक संस्थाओं / विश्वविद्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (PSUs) आदि में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें अपने विभाग / कार्यालय को सूचित करना होगा तथा ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से प्राप्त "अनापत्ति प्रमाणपत्र (No Objection Certificate – NOC)" अपलोड करना अनिवार्य है (संलग्न प्रारूप में)। ऐसा न करने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

f. जो आवेदन सही ढंग से भरे नहीं गए हैं या जिनके साथ आवश्यक प्रमाण पत्र / दस्तावेज़ अपलोड नहीं किए गए हैं, वे अस्वीकृत किए जा सकते हैं।

g. उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और चयन केवल ऑनलाइन आवेदन में उपलब्ध कराई गई जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा नहीं करता है या आवेदन में गलत / भ्रामक जानकारी प्रदान की गई है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी — चयन के पश्चात भी। ऐसी स्थिति में उत्पन्न किसी भी परिणाम के लिए CSIR उत्तरदायी नहीं होगा। अतः उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन में दी गई सभी जानकारी पूर्ण, सटीक और सत्य हो।

h. यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में वर्णित योग्यता के समतुल्य किसी अन्य योग्यता का दावा करता है, तो उसे उस योग्यता की मान्यता देने वाले प्राधिकारी (संख्या एवं दिनांक सहित) द्वारा जारी आदेश / अधिसूचना / पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसा दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। योग्यता की समतुल्यता एवं विश्वविद्यालयों / संस्थानों की मान्यता से संबंधित मामलों में CSIR के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

i. जहां कहीं भी किसी क्षेत्र / कार्य क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता हो, वहाँ अनुभव की गणना न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त होने की तिथि के बाद से की जाएगी।

j. यदि कोई प्रमाण पत्र या दस्तावेज़ हिंदी या अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में है, तो उसका स्वप्रमाणित अनुवाद (हिंदी या अंग्रेज़ी में) आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

k. ऊपरी आयु सीमा, योग्यता और / या अनुभव निर्धारण की तिथि वही होगी जो ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के रूप में निर्धारित है।

l. बेंचमार्क विकलांगता वाले पात्र दिव्यांगजन (PwBD), भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार पात्रता शर्तों को पूरा करते हों तो उनके आवेदन को प्रोत्साहित किया जाता है। यदि किसी पद को दिव्यांगजन के लिए उपयुक्त घोषित किया गया है, तो आयु में छूट उस पद के आरक्षित या अनारक्षित होने की स्थिति से स्वतंत्र रूप से लागू होगी।

m. यदि कोई अभ्यर्थी विदेश में निवास कर रहा है, तो वह साक्षात्कार में ऑनलाइन सम्मिलित होने या चयन समिति द्वारा अनुपस्थित रहते हुए विचार किए जाने के लिए लिखित अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है। हालांकि, इस संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

n. केवल बाहरी (outstation) अभ्यर्थियों को, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है और जो पात्र पाए गए हैं, उन्हें यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति दी जा सकती है। यह प्रतिपूर्ति भारत के भीतर की गई यात्रा के लिए यात्रा के प्रमाण जैसे रेल टिकट या टिकट संख्या प्रस्तुत करने पर, दूसरी श्रेणी की रेल यात्रा (एकल यात्रा हेतु आने-जाने का किराया) के रूप में दी जाएगी । जिन स्थानों पर रेल सेवा उपलब्ध नहीं है, वहां न्यूनतम किराए की बस यात्रा या सड़क माईलेज की प्रतिपूर्ति, दस्तावेज़ी प्रमाण (जैसे बस टिकट) प्रस्तुत करने पर, भारत सरकार के नियमानुसार दी जा सकती है।

o. यदि आवेदन में दी गई जानकारी और प्रस्तुत मूल दस्तावेजों में कोई विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवार अपात्र माना जाएगा, जब तक कि वह उपयुक्त प्रमाणपत्र या शपथपत्र प्रस्तुत न करे। ऐसी स्थिति में यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति भी नहीं दी जाएगी।

p. पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की प्रक्रिया, परीक्षा या साक्षात्कार के आयोजन आदि सभी मामलों में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। किसी भी अभ्यर्थी या संस्था द्वारा की गई पूछताछ या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

q. किसी भी प्रकार की सिफारिश या प्रभाव, राजनीतिक या अन्यथा, चयन प्रक्रिया में लाने का प्रयास करने पर उस अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अस्वीकार की जा सकती है।

r. प्रत्येक श्रेणी या पद के अंतर्गत दर्शाई गई रिक्तियां केवल अनुमानित हैं और चयन के समय इनमें परिवर्तन संभव है।

s. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दर्ज जन्मतिथि वही मानी जाएगी जो मैट्रिकुलेशन, दसवीं कक्षा या समकक्ष प्रमाणपत्र में उल्लिखित हो। इसके बाद जन्मतिथि में कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि संबंधित बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों में जन्मतिथि उपलब्ध नहीं है, तो स्कूल छोड़ने के प्रमाणपत्र में उल्लिखित जन्मतिथि मान्य होगी।

t. नियुक्ति प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यदि आवश्यक हो तो किसी एक या सभी पदों को न भरने का निर्णय भी ले सकता है।

u. साक्षात्कार की तिथि, स्क्रीनिंग या चयन समितियों की अनुशंसाएं, चयन के मानदंड और अन्य अद्यतन/सूचनाएं/संशोधन/परिशिष्ट आदि केवल सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। इसलिए सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीएसआईआर की वेबसाइट देखते रहें।

v. चयनित उम्मीदवारों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से एक निर्धारित परीक्षण अवधि पर रखा जाएगा। यह अवधि सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। परीक्षण अवधि की सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात, उन्हें प्रचलित नियमों के अनुसार स्थायी नियुक्ति पर विचार किया जाएगा।

w. यदि किसी पद के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र या विषय में योग्यता आवश्यक है और वह संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकतालिका या डिग्री प्रमाणपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लिखित नहीं है, तो उम्मीदवार को अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। अन्यथा, ऐसे मामलों में स्क्रीनिंग समिति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

x. उम्मीदवार को यह बताना होगा कि क्या उसका कोई रक्त संबंधी या निकट संबंधी (सरकारी कर्मचारी के लिए रिश्तों में पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री, माता/पिता, भाई/बहन या इनमें से किसी से रक्त या विवाह संबंध रखने वाला कोई अन्य व्यक्ति, चाहे वह उन पर आश्रित हो या नहीं) सीएसआईआर या इसकी किसी प्रयोगशाला/संस्थान/इकाई में कार्यरत है।

y. इस विज्ञापन के हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों में किसी प्रकार की विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को ही मान्य माना जाएगा।

z. मध्यवर्ती पूछताछ या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क संपर्क विवरण केवल इसी प्रयोजन के लिए है।

## 3. आयु सीमा और छूट:

a. अनुसूचित जाति [SC]/ अनुसूचित जनजाति [ST] के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग [OBC (NCL)] के लिए 03 वर्ष की छूट भारत सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार दी जाएगी, केवल उन्हीं मामलों में जहाँ पद/रिक्तियाँ संबंधित वर्गों के लिए आरक्षित हों।
b. SC/ST/OBC(NCL) वर्ग के वे उम्मीदवार जो उनके लिए आरक्षित नहीं हैं, अर्थात् अनारक्षित (UR) पदों के लिए आवेदन करते हैं, वे आयु में छूट के पात्र नहीं होंगे और चयन के मामले में उन्हें सामान्य उम्मीदवारों के समान माना जाएगा [हालांकि, ऐसे मामलों में SC और ST उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क में छूट लागू होगी]।
c. SC/ST/OBC (NCL) वर्ग के उम्मीदवारों को अपने प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति अपने आवेदन के साथ अपलोड करनी होगी। यह प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में और ऐसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जिन्हें इस प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत किया गया हो, जैसे कि SDO, जिलाधिकारी या उपायुक्त, जैसा कि भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट है।
d. SC/ST/OBC प्रमाण पत्र भारत सरकार (GoI) के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। OBC (गैर-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित गैर-क्रीमी लेयर मानदंडों को पूरा करते हों और किसी राज्य सरकार के आदेशों का उल्लेख न हो।
e. OBC उम्मीदवारों की पात्रता भारत सरकार की केंद्रीय सूची में सूचीबद्ध जातियों पर आधारित होगी, और उनकी उप-जाति उस सूची में अंकित होनी चाहिए; अन्यथा, उनकी उम्मीदवारी किसी भी आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत नहीं मानी जाएगी और यदि वे अन्यथा पात्र हों, तो उन्हें अनारक्षित (UR) श्रेणी में माना जाएगा। "क्रीमी लेयर" में आने वाले OBC उम्मीदवार OBC श्रेणी के अंतर्गत उपलब्ध रियायतों के पात्र नहीं हैं और उन्हें अपना वर्ग "सामान्य" के रूप में दर्शाना होगा।
f. OBC (गैर-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को यह समर्थन करते हुए एक 'घोषणा-पत्र' (Form of Declaration) भी प्रस्तुत करना होगा कि वे पिछले तीन वित्तीय वर्षों की आय पर आधारित "क्रीमी लेयर" श्रेणी में नहीं आते हैं।
g. SC/ST/OBC (NCL)/PwBD/EWS आदि वर्गों के उम्मीदवारों को, जब भी माँगा जाए, निर्धारित प्रारूप में और संबंधित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से उक्त प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी। हालांकि, किसी विशेष वर्ग से संबंधित होने का दावा उम्मीदवार के मामले में भारत सरकार के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार ही मान्य होगा।
h. परिषद/सरकार/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को आयु सीमा में पाँच वर्ष तक की छूट भारत सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी निर्देशों और आदेशों के अनुसार दी जाएगी। यह छूट ऐसे उम्मीदवारों के लिए मान्य होगी जो उन्हीं कार्य क्षेत्र अथवा संबद्ध कैडर के पदों पर कार्यरत हों, और जहाँ यह संबंध स्थापित किया जा सके कि उक्त पद पर प्रदान की गई सेवा उस पद की जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निभाने के लिए उपयोगी होगी, जिसके लिए भर्ती की जा रही है। इस संबंध में निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा।
i. परिषद/सरकार/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत होने का दावा करने वाले और इस खंड के अंतर्गत आयु में छूट प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार को विज्ञापन की तिथि के पश्चात अपने नियोक्ता द्वारा कार्यालय के लेटरहेड पर जारी एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख हो कि वह नियमित रूप से नियुक्त है और आकस्मिक/तदर्थ/दैनिक वेतन/प्रति घंटे भुगतान/संविदा आधारित कर्मचारी नहीं है।

j. विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा पति से न्यायिक रूप से पृथक की गई महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, उन्हें अधिकतम 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जाएगी, किन्तु शैक्षणिक योग्यता या भर्ती की विधि में कोई छूट नहीं दी जाएगी (SC/ST वर्ग के लिए आरक्षित पदों के संदर्भ में यह छूट अधिकतम 40 वर्ष तक दी जा सकती है)। इस उप-अनुच्छेद के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:
**i)** विधवा के मामले में, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं यह शपथ-पत्र कि उसने पुनः विवाह नहीं किया है।
**ii)** तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से पृथक महिलाओं के मामले में, तलाक अथवा न्यायिक पृथक्करण के संबंध में उपयुक्त न्यायालय का प्रमाणित निर्णय/डिक्री तथा यह शपथ-पत्र कि उसने पुनः विवाह नहीं किया है।

k. निम्नलिखित श्रेणियों की *बेंचमार्क* दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को अधिकतम 10 वर्ष की आयु छूट प्रदान की जाएगी [अर्थात् SC/ST श्रेणी के उम्मीदवारों को उनकी श्रेणी हेतु अनुमत 5 वर्षों सहित कुल 15 वर्ष और OBC उम्मीदवारों को कुल 13 वर्ष तक की आयु छूट मिलेगी]:
(i) श्रेणी A – अंधापन और दृष्टिदोष;
(ii) श्रेणी B – बधिरता और श्रवण दुर्बलता;
(iii) श्रेणी C – गतिशीलता बाधा जिसमें सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग से ठीक हुए, बौनेपन, एसिड अटैक पीड़ित और मांसपेशीय अपविकास शामिल हैं;
(iv) श्रेणी D – ऑटिज़्म, बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट अधिगम विकार और मानसिक रोग;
(v) श्रेणी E – उपरोक्त (A) से (D) तक की बहु-विकलांगता, जिसमें दृष्टि/श्रवण दोनों प्रभावित हैं।

l. दिव्यांग व्यक्तियों को यह आयु छूट इस तथ्य से स्वतंत्र रूप से दी जाएगी कि पद उनके लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते वह पद संबंधित विकलांगता की श्रेणी के लिए उपयुक्त घोषित किया गया हो।

**नोट:** उपरोक्त विकलांगताओं की परिभाषा "विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016" के अनुसार होगी।

इस खंड के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को वे ही छूट/आरक्षण प्राप्त होंगे, जो ऐसे व्यक्तियों को मिलते हैं, जो संबंधित *बेंचमार्क* विकलांगता से कम से कम 40% तक प्रभावित हों। ऐसे PwBD उम्मीदवारों को छूट प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा “विकलांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017” के अध्याय 7, नियम 18(1) के अंतर्गत प्रपत्र V, VI और VII में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
“Persons with Disabilities Act, 1995” के तहत पहले से जारी प्रमाण पत्र, उसमें उल्लिखित अवधि तक मान्य रहेंगे।
हालांकि, इन उम्मीदवारों की नियुक्ति इस शर्त पर की जाएगी कि वे प्रत्यक्ष चयन द्वारा भरे जाने वाले प्रत्येक ग्रुप ‘A’ पद के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाएं।
PwBD उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

**कृपया ध्यान दें:** PwBD उम्मीदवारों को अपने आवेदन में अपनी जाति/समुदाय जैसे SC/ST/OBC(NCL)/GEN/EWS का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य है, और संबंधित जाति/समुदाय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, क्योंकि यह क्षैतिज आरक्षण है। PwBD श्रेणी के अंतर्गत कोई उम्मीदवार तभी नियुक्ति के लिए पात्र होगा, यदि वह (नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षण के पश्चात) संबंधित पदों के लिए निर्धारित शारीरिक एवं चिकित्सकीय मानकों को पूरा करता हो।

m. EWS श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के OM संख्या 36039/1/2019-Estt.(Res.) दिनांक 31.01.2019 तथा समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अनुसार अंतिम आवेदन तिथि तक नियोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, EWS उम्मीदवारों द्वारा आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की निर्णायक/कट-ऑफ तिथि वही होगी जो आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि है। कट-ऑफ तिथि के बाद तथा अगले वित्तीय वर्ष हेतु जारी प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

n. पारिवारिक सकल वार्षिक आय की गणना आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से पूर्व के वित्तीय वर्ष के लिए की जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी पद के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अगस्त, 2022 है, तो आय की गणना 2021-2022 के वित्तीय वर्ष की होगी और प्रमाण पत्र 2022-2023 के लिए मान्य होगा।

o. अन्य किसी भी प्रकार की आयु छूट भारत सरकार/CSIR की वर्तमान भर्ती नियमावली के अनुसार लागू होगी।

p. निर्धारित सीमा से अधिक आयु, शैक्षणिक योग्यता और/या अनुभव में छूट उन असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में प्रदान की जा सकती है, जिन्हें CSIR के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार महानिदेशक, CSIR की पूर्व स्वीकृति प्राप्त हो।

**4. चयन की विधि:**

**a.** केवल निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की पूर्ति कर लेना मात्र किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देता। विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति निम्नलिखित में से एक या अधिक तरीकों से उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपने स्वयं के मानदंड अपनाएगी:

- उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर।
- विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम योग्यता से अधिक प्रासंगिक क्षेत्र में वांछनीय योग्यता और/या वांछनीय अनुभव के आधार पर।
- दायर किए गए पेटेंट, SCI/पीयर रिव्यू जर्नलों में प्रकाशित शोध-पत्रों आदि के आधार पर।
- वैज्ञानिक जर्नल प्रकाशनों की गुणवत्ता, संख्या और लेखकीय भूमिका (जैसे: प्रथम लेखक, सह-लेखक, संबंधित लेखक आदि) के आधार पर।
- शोध प्रकाशन/पीएच.डी. थीसिस के विषय से निर्धारित अनुसंधान विशेषज्ञता/पीएच.डी. अनुशासन के आधार पर।
- लिखित परीक्षा/सेमिनार के आधार पर।
- आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात के अनुभव की गणना के आधार पर।
- उन मामलों में भी अनुभव को आधार बनाकर, जहाँ आवश्यक योग्यता (EQ) या वांछनीय योग्यता (DQ) के रूप में अनुभव का उल्लेख नहीं किया गया हो।
- स्क्रीनिंग समिति द्वारा उपयुक्त माने गए किसी अन्य तरीके से।

(इसलिए उम्मीदवारों को चाहिए कि वे अपने पास उपलब्ध सभी योग्यता एवं अनुभव, जो न्यूनतम निर्धारित योग्यता से अधिक हों, संबंधित क्षेत्र में, दस्तावेजों के समर्थन के साथ ऑनलाइन आवेदन में अवश्य दर्शाएँ।)

**b.** भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पाद विकास/प्रौद्योगिकी नवाचार/परिवर्ती अनुसंधान/अनुप्रयुक्त प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को उचित वरीयता दी जाएगी। अतः, ऐसे उपलब्धियों का दावा करने वाले उम्मीदवारों को उन्हें ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा और सहायक दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

**5. आवेदन कैसे करें:**

**a.** पात्र उम्मीदवारों को **https://www.iitr.res.in** वेबसाइट पर जाकर *ऑनलाइन* आवेदन करना अनिवार्य है।
**b.** ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध “How-to-apply online” निर्देश, “Fee Payment Procedure” और “Application Replica” को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
**c.** आवेदन को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तीन अलग-अलग चरणों में प्रस्तुत किया जाना है:
i) पंजीकरण (ऑनलाइन)
ii) शुल्क भुगतान (ऑनलाइन), यदि लागू हो
iii) ऑनलाइन आवेदन जमा करना
**d.** यदि उम्मीदवार के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है, तो ऑनलाइन आवेदन से पहले उन्हें एक नई वैध ईमेल आईडी बनानी होगी और उसे पूरे चयन प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखना होगा।
**e.** उपरोक्त चरणों की समय-सीमा निम्नलिखित है:

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि:** | **01.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से** |
| **आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि:** | **31.08.2025 रात्रि 11:59 बजे तक** |
| **पोर्टल पर पूर्ण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** | **05.09.2025 रात्रि 11:59 बजे तक** |

f. उम्मीदवारों को वेबसाइट पर उपलब्ध 'Fee Payment Procedure' के अनुसार **₹500/-** आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। SC/ST/PwBD/महिला/भूतपूर्व सैनिक (जैसा कि CSIR के परिपत्र क्रमांक 5-1(603)/2018-PD दिनांक 05.11.2024 में उल्लिखित है) को, संबंधित प्रमाण-पत्र अपलोड करने पर, शुल्क से छूट दी गई है। निर्धारित शुल्क के बिना प्रस्तुत आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे बिना किसी सूचना के खारिज कर दिया जाएगा। ऐसे खारिज किए गए आवेदन के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

g. उम्मीदवार को अपने हाल ही में खींचे गए रंगीन पासपोर्ट आकार के स्कैन किए गए फोटोग्राफ, हस्ताक्षर (प्रत्येक अधिकतम 50 KB) और प्रासंगिक प्रमाण-पत्र (प्रत्येक अधिकतम 1 MB) को ऑनलाइन आवेदन में निर्धारित स्थान पर अपलोड करना होगा।

h. एक बार आवेदन जमा करने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता, और किसी भी परिस्थिति में भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह शुल्क भविष्य की परीक्षाओं या चयन प्रक्रियाओं के लिए आरक्षित नहीं किया जा सकता।

i. यदि बोर्ड, विश्वविद्यालय या संस्थान CGPA/SGPA/OGPA/DGPA/CPI आदि ग्रेड प्रदान करता है, तो उम्मीदवार को संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान किए गए फार्मूले के अनुसार इसे प्रतिशत में बदलना होगा। यह रूपांतरण फार्मूला भी आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। यदि आवेदन के साथ यह रूपांतरण फार्मूला अपलोड नहीं किया गया, तो आवेदन अधूरा माना जाएगा।

j. प्रत्येक पद कोड के लिए केवल एक आवेदन ही स्वीकार किया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक ही पद कोड के लिए अलग-अलग ईमेल आईडी से एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल सबसे हाल में पूर्ण किया गया आवेदन ही मान्य होगा। उम्मीदवारों को अपने आवेदन की प्रिंट प्रति और भुगतान विवरण अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए क्योंकि आवेदन की अंतिम तिथि के बाद यह उपलब्ध नहीं होगा।

k. कोई भी उम्मीदवार एक से अधिक पद कोड के लिए आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि वह प्रत्येक पद कोड के लिए सभी पात्रता शर्तें पूरी करता हो। हालांकि, प्रत्येक पद कोड के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा (प्राथमिक/पंजीकरण विवरण को छोड़कर) और आवेदन शुल्क भी अलग से देना होगा।

l. उम्मीदवार को अपने नाम, ईमेल पता और मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण सफल होने के बाद, उम्मीदवार अपनी लॉगिन जानकारी का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में प्रवेश कर सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण करने के बाद, वह सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकता है और आवेदन की जांच या संपादन कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आवेदन पूर्ण और सटीक है। आवेदन को अंतिम रूप देने के बाद, उम्मीदवार को *'Submit'* पर क्लिक कर भुगतान विवरण (यदि लागू हो) अद्यतन करना होगा ताकि आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो सके। एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसमें कोई संशोधन या बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन की एक प्रिंट प्रति सुरक्षित रखना आवश्यक है। आवेदन जमा करने के बाद उसकी हार्ड कॉपी न भेजें; आवश्यकता पड़ने पर उपयुक्त समय पर इसे मांगा जाएगा।

m. एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद, उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन या सुधार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

n. यदि कोई फर्जी या मनगढ़ंत आवेदन या पंजीकरण पाया गया जिसमें किसी अन्य व्यक्ति के नाम या फ़ोटो का दुरुपयोग किया गया हो, तो संबंधित उम्मीदवार और/या साइबर कैफे के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

o. जो उम्मीदवार वर्तमान में CSIR/सरकारी संगठन/स्वायत्त निकाय/वैधानिक निकाय/विश्वविद्यालय/PSU आदि में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से प्राप्त *अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)* को ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। ऐसा न करने पर आवेदन अधूरा माना जाएगा।

p. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **www.iitr.res.in** को नियमित रूप से देखें। इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी परिवर्तन/संशोधन/अद्यतन सूचना के लिए वेबसाइट पर जाते रहें।

q. किसी भी उम्मीदवार को अलग से व्यक्तिगत रूप से सूचना/सूचित पत्र नहीं भेजा जाएगा। अतः सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर नियमित रूप से विज़िट करें।

r. किसी भी उम्मीदवार को अलग से कॉल लेटर नहीं भेजा जाएगा। सभी सूचनाएं एवं संचार उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल पते पर भेजे जाएंगे।

s. किसी भी उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी *बाध्यकारी* होगी। यदि किसी भी स्तर पर दी गई जानकारी झूठी या गलत पाई जाती है, तो संबंधित उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तथा नागरिक परिणामों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

नोट:

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों का सख्ती से पालन करें। ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी को आगे की प्रक्रिया के लिए अंतिम माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन का डिज़ाइन और सत्यापन नियम इस विज्ञापन में उल्लिखित

आवश्यकताओं के अनुसार बनाए गए हैं, और इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को चाहिए कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध "निर्देश" अनुभाग का अवश्य संदर्भ लें। सिर्फ ऑनलाइन आवेदन जमा करना यह सुनिश्चित नहीं करता कि उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। आवेदन की आगे की जांच की जाएगी, और यदि किसी भी चरण में अपात्रता पाई जाती है, तो आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है। आरक्षित श्रेणियों के पदों पर नियुक्तियाँ अस्थायी रूप से की जाएगी, जो संबंधित जाति प्रमाणपत्रों की प्रमाणिकता की पुष्टि के पश्चात ही स्थायी होंगी। यदि सत्यापन में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किया गया SC/ST/OBC/EWS/PwBD वर्ग का दावा झूठा या त्रुटिपूर्ण है, तो उसकी नियुक्ति तुरंत समाप्त कर दी जाएगी, बिना कोई कारण बताए और साथ ही उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## 6. <u>निम्नलिखित दस्तावेज़ों को ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है:</u>

a. आवेदन शुल्क (रु. 500/- जहां लागू हो) का डाउनलोड किया हुआ ई-रसीद/भुगतान रसीद की प्रति।
b. हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फ़ोटो, जो उपयुक्त स्थान पर अपलोड किया गया हो।
c. उम्मीदवार का हस्ताक्षर, जो उपयुक्त स्थान पर अपलोड किया गया हो।
d. मैट्रिकुलेशन/10वीं कक्षा या समकक्ष अंकपत्र/प्रमाणपत्र की प्रति जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो या जन्म तिथि के समर्थन में स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र।
e. नाम में परिवर्तन/नाम में असंगति/अभिभावकों के नाम में भिन्नता के समर्थन में संबंधित प्राधिकारी से जारी राजपत्र सूचना/शपथ पत्र की प्रति (यदि लागू हो)।
f. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता तथा कोई उच्चतर योग्यता के समर्थन में प्रमाणपत्रों और/या अंकपत्रों की प्रति।
g. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/बेंचमार्क दिव्यांग प्रमाणपत्र की प्रति, यदि लागू हो, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में तथा संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी हो।
h. ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों से आवेदन में किए गए दावे के समर्थन में 'घोषणा प्रपत्र' की प्रति, जो यह दर्शाता हो कि वे पिछली तीन वित्तीय वर्षों की आय के आधार पर ओबीसी (क्रीमी लेयर) श्रेणी में नहीं आते।
i. विधवा, तलाकशुदा या न्यायिक रूप से पृथक महिलाओं के मामले में, विवाह विच्छेद या न्यायिक पृथक्करण की स्थिति को सत्यापित करने हेतु उपयुक्त न्यायालय द्वारा जारी निर्णय/डिक्री की प्रति। साथ ही, यह प्रमाणित करने वाला शपथ पत्र कि उम्मीदवार ने पुनः विवाह नहीं किया है।
j. आयु में छूट के लिए दावा कर रहे परिषद/सरकारी/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाणपत्र की प्रति।
k. अनुभव प्रमाणपत्र की प्रति, यदि कोई हो।
l. सीएसआईआर/सरकारी संगठन/स्वायत्त निकाय/वैधानिक निकाय/विश्वविद्यालय/पीएसयू आदि में वर्तमान में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए उनके नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' (एनओसी) की प्रति।
m. पीएच.डी. थीसिस/एमटेक डिसर्टेशन का एक पृष्ठ का सारांश/सिनॉप्सिस।
n. एससीआई / पीयर रिव्यूड जर्नल्स आदि में प्रकाशित शोध प्रकाशनों की सूची, यदि लागू हो।
o. आवेदन में किए गए दावों के समर्थन में अन्य कोई भी संबंधित प्रमाणपत्र, जहां लागू हो।

नोट 1: अपलोड किए गए दस्तावेज़/प्रमाणपत्र स्पष्ट और पठनीय होने चाहिए।
नोट 2: आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना किए गए आवेदन अपूर्ण माने जाएंगे और अस्वीकृति के योग्य होंगे।
नोट 3: उम्मीदवारों से उपयुक्त समय पर मूल दस्तावेज़ों के साथ स्वप्रमाणित फोटोकॉपी लाने को कहा जाएगा।
नोट 4: पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की प्रक्रिया तथा परीक्षा/सेमिनार/साक्षात्कार/परीक्षण के संचालन से संबंधित सभी मामलों में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

अस्वीकरण

चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण पर उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी देने और/या प्रक्रिया का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में उसे चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा भविष्य में किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऐसी स्थिति वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान पकड़ में नहीं आती है लेकिन बाद में उजागर होती है, तो उस स्थिति

में पिछली तिथि से अयोग्यता लागू की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सीएसआईआर द्वारा दिए गए/दिए जाने वाले स्पष्टीकरण/निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होंगे।

**नोट : किसी भी अस्पष्टता/द्वयर्थकता/दुविधा की स्थिति में इस विज्ञापन का अंग्रेजी में दिया गया मूलपाठ ही अधिकृत पाठ माना जाएगा।**

Sd/-
प्रशासनिक अधिकारी
सीएसआईआर-आईआईटीआर